<u>नियम एवं शर्तें</u>

1. यहां उल्लिखित नियम एवं शर्तें (जिन्हें इसके बाद "**नियम**" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) न्यू देल्ही टेलीविज़न लिमिटेड (**"NDTV"**) द्वारा द आनंद कुमार शो (The Anand Kumar Show) के लिए आयोजित साप्ताहिक प्रतियोगिता ("**प्रतियोगिता**") पर लागू होती हैं.

2. प्रतियोगिता में आपकी भागीदारी को नियमों की स्वीकृति माना जाएगा. यदि आप किसी भी नियम से सहमत नहीं हैं, तो आपको प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना चाहिए. NDTV किसी भी समय इन शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

3. यह प्रतियोगिता 15 अगस्त, 2023 को शुरू होगी और 31 अक्टूबर, 2023 तक चलेगी. NDTV प्रतियोगिता की अवधि को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

4. यह प्रतियोगिता केवल भारत के भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले सभी प्रतिभागियों ("**प्रतिभागियों**") के लिए खुली है.

5. NDTV, इसकी सहायक कंपनियों / समूह कंपनियों के कर्मचारी और उनके परिवार प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं हैं.

6. अवयस्कों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं है.

7. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रतिभागी को...

   (a) www.ndtv.in/thenandkumarshow पर जाएं;
   (b) नाम, पता, ई-मेल और फोन नंबर दर्ज करें;
   (c) श्री आनंद कुमार के लिए एक (1) प्रश्न सबमिट करें.

8. प्रतिभागियों के प्रश्नों या फीडबैक सहित NDTV को प्रेषित की गई सामग्री तथा किसी भी प्रकार के अन्य संचार को गैर-गोपनीय माना जाएगा. NDTV किसी भी प्रकार की सीमाओं या दायित्वों के बिना ऐसे प्रश्नों और प्रतियोगिता प्रविष्टियों को पुन: प्रस्तुत करने, वितरित करने और सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के लिए स्वतंत्र है. NDTV किसी भी उद्देश्य के लिए ऐसे फीडबैक में निहित किसी भी विचार, अवधारणा, जानकारी या तकनीक का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है.

9. प्रतियोगिता अवधि के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए गए प्रश्नों में से NDTV हर सप्ताह एक विजेता का चयन करेगा, जो आनंद कुमार की पुस्तक "सुपर 30 आनंद की संघर्ष-गाथा" की एक हस्ताक्षरित प्रति प्राप्त करने का हकदार होगा. साप्ताहिक विजेता की घोषणा वेबसाइट और टेलीविज़न पर की जाएगी.

10. इस मामले में NDTV का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा तथा प्रतियोगिता व विजेता के चयन के तरीके पर किसी भी पक्ष से कोई प्रश्न, पत्राचार, पूछताछ आदि पर विचार नहीं किया जाएगा.

11. विजेता को NDTV द्वारा मांगे गए पहचान प्रमाणपत्र तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ उपलब्ध कराने होंगे. ये दस्तावेज़ NDTV से इस आशय का संचार प्राप्त होने के 2 दिन के भीतर NDTV को भेजे जाएंगे, और ऐसा नहीं करने कि स्थिति में माना जाएगा कि विजेता ने अपना इनाम सरेंडर कर दिया है.

12. यह सुनिश्चित करना प्रतिभागी का उत्तरदायित्व होगा कि NDTV को प्रदान की गई उनकी संपर्क जानकारी सही है.

13. इनाम न तो हस्तांतरणीय होगा, और न विनिमय योग्य.

14. NDTV और उसकी सहायक कंपनियों / समूह कंपनियों के पास अपने विवेक से प्रतियोगिता को रद्द करने या स्थगित करने या किसी भी नुकसान / क्षति के लिए उत्तरदायी हुए बिना, किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना दिए बिना, यहां लागू सभी या कुछ नियमों और शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित है.

15. प्रतियोगिता में भाग लेने मात्र से आप पुरस्कार जीतने के हकदार नहीं बन सकेंगे.

16. यहां दर्ज कुछ भी NDTV द्वारा आइंदा या ऐसी अन्य प्रतियोगिता आयोजित करने की प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व जैसा नहीं है.

17. हम डेटा संग्रह से संबंधित कानूनों और डेटा संग्रह पर हमारी सावधानीपूर्वक विचार की गई नीति का पालन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं. आपको हमें अपने बारे में सही विवरण देना होगा और NDTV प्रस्तुत किए गए किसी भी गलत विवरण के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

18. किसी भी प्रतिभागी द्वारा किए गए किसी भी दावे के लिए NDTV की देनदारी किसी भी स्थिति में 1000/- रुपये (केवल एक हज़ार रुपये) से अधिक नहीं होगी.

19. प्रतियोगिता भारत में लागू कानूनों के अनुसार नियंत्रित और समझी जाएगी. प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामले केवल दिल्ली के न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन हैं.

20. किसी भी प्रतिक्रिया, सुझाव, प्रश्न के लिए हमें webcontests@ndtv.com पर ई-मेल करें.